रोहतक

शनिवार, 31 मई 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 120

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम

अधि. 38.4

न्यून. 21.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,481.01 | 182.01 ▼ |
| निफ्टी | 24,750.70 | 82.90 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी** |
| सोना | 98,600 /- | 100/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.56 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 64.41/ बैरल | 0.41% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


## अंदर के पन्नों पर


- गांव पहरावर में सीएम नायब ने किए कई बड़े ऐलान पेज-2
- शुभम की पत्नी के आंसू देखकर भावुक हुए पीएम पेज-7
- भारतीय नौसेना जोश में आती, तो पाक के चार टुकड़े हो जाते, 1971 के युद्ध में 'दो' हो गए थे पेज-8


## खबर संक्षेप

### दिल्ली: ऊंचे भवनों पर एंटी स्मॉग गन जरूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर से निपटने के लिए सभी ऊंची व्यावसायिक, संस्थागत व आतिथ्य संबंधी इमारतों में 'एंटी-स्मॉग गन' लगाना अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में एक आधिकारिक निर्देश जारी किया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 'एंटी-स्मॉग गन' की संख्या भवन के निर्मित क्षेत्रफल पर निर्भर करेगी। भाषा

### प्रदेश में आज 5 बजे होगी मॉक ड्रिल व ब्लैकआउट

**चंडीगढ़।** रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन अटैक जैसे हवाई हमलों से बचाव और युद्ध होने की स्थिति में रेस्क्यू के लिए 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत हरियाणा में मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट होगा। मॉक ड्रिल शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक होगी। वहीं ब्लैकआउट के लिए रात 8 बजे से सवा 8 बजे तक यानी 15 मिनट का समय तय किया गया है। इसके अलावा पाकिस्तान से सटे पंजाब राजस्थान और चंडीगढ़ में भी मॉक ड्रिल की जाएगी। एजेंसी

### आईटीआर-1, 4 के लिए एक्सेल सुविधा दी गई

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि उसने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे करदाता अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल सुविधा करदाताओं के लिए उपलब्ध है।' भाषा

### नाबालिग बेटी के दुष्कर्मी पिता को 20 साल कैद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 13 वर्षीय बेटी से कई बार दुष्कर्म करने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के जुर्म में पिता को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि पीड़िता अंतहीन पीड़ा से गुजर रही है और अपराध के कई साल बाद भी वह इस डर में जी रही है कि अगर उसके पिता को सजा हुई, तो समाज उसे ही इसका दोषी ठहराएगा। भाषा

### रिश्वत के आरोप में ईडी उप निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने ओडिशा में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उप निदेशक चिंतन रघुवंशी को भुवनेश्वर के एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिंतन रघुवंशी ने ढेंकानाल में पत्थर खनन का कारोबार करने वाले व्यवसायी रतिकांत राउत के खिलाफ दर्ज ईडी के एक मामले में उन्हें 'राहत' दिलाने के एवज में कथित तौर पर पांच करोड़ की मांग की थी।

## ई-मेल भेजकर दी चेतावनी, सचिवालय खाली करवाया, अलर्ट

# हरियाणा के सीएम का घर, दफ्तर और दिल्ली में उद्योग भवन उड़ाने की धमकी

### दिनभर मची गहमा-गहमी, बम व डॉग स्क्वायड बुलाकर सर्च अभियान चलाया

### दिल्ली में सीआईएसएफ ने चलाया सर्च अभियान, धमकी अफवाह निकली

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़/नई दिल्ली


हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के सरकारी आवास संत कबीर कुटीर और दफ्तर हरियाणा सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद में शुक्रवार को हड़कंप मच गया। इसके बाद हाईअलर्ट जारी कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), चंडीगढ़ पुलिस, बम और डॉग स्क्वायड ने परिसर की तलाशी अभियान चलाया, लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला। बम की धमकी के बारे में अलर्ट हरियाणा सीआईडी ने जारी किया था। देर शाम तक सचिवालय के सभी फ्लोर चेक किए गए लगभग तीन घंटे तक सर्च अभियान चला। इसके कारण दिनभर गहमा-गहमी मची रही। वहीं दिल्ली में भी उद्योग भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जानकारी के मुताबिक एक धमकी भरा मेल आया है, इसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उद्योग भवन परिसर में अलर्ट जारी किया और तलाशी अभियान चलाया, लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला और धमकी अफवाह निकली।

#### मेल में यह कहा

सूत्रों के मुताबिक सीआई के सीनियर अधिकारियों को मेल भेजकर कहा गया कि दोनों जगह फिदायीन हमले होंगे। सूचना मिलते ही सीआईडी ने अलर्ट जारी किया। चंडीगढ़ पुलिस की टीमें एक्टिव हो गईं। सीएम आवास और सचिवालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सचिवालय में अनाउंसमेंट कराकर बिल्डिंग खाली कराई गई है। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी कर्मचारी किसी भी फ्लोर पर न रहे। जिस समय धमकी आई, उस समय मुख्यमंत्री नायब सैनी आवास पर नहीं थे। वह रोहतक के पहरावर गांव में परशुराम जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रोग्राम में गए हुए थे।

#### 22 मई को हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी

इससे पहले 22 मई को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को भी बम की धमकी वाला एक ऐसा ही ईमेल मिला था, जिसके बाद चंडीगढ़ पुलिस को कुछ समय के लिए न्यायालय परिसर को खाली करवाना पड़ा था। हालांकि, बाद में बम की धमकी अफवाह साबित हुई।



#### तीन घंटे तक चला सर्च अभियान

चंडीगढ़ के पुलिस उपाधीक्षक उदयपाल सिंह ने बताया, 'हरियाणा सिविल सचिवालय को खाली करा लिया गया है। सीआईएसएफ और चंडीगढ़ पुलिस के जवानों ने घोषणा कर अंदर मौजूद लोगों को बाहर आने को कहा।' तलाशी अभियान करीब तीन घंटे तक चला। हरियाणा सिविल सचिवालय में सीआईएसएफ के जवान चौबीस घंटे तैनात रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन दल, एम्बुलेंस, त्वरित प्रतिक्रिया दल और श्वान दस्ता उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित सचिवालय परिसर में पहुंच गए।

#### 21 मई को 3 जिलों में लघु सचिवालय में आई थी मेल

21 मई को गुरुग्राम, फतेहाबाद, और अंबाला के लघु सचिवालय और डीसी ऑफिस को आडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। फतेहाबाद के एसपी सिद्धांत जैन ने बताया था कि डीसी की मेल पर हॉटमेल से मेल आई। इसमें साउथ इंडियन लेंग्वेज में लिखा हुआ था कि दोपहर 3.30 बजे एक्सप्लोसिव विस्फोट होगा।

#### उद्योग भवन में भी हाईअलर्ट तलाशी अभियान चलाया

नई दिल्ली में स्थित उद्योग भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह मेल शुक्रवार को मिला है, जिसमें उद्योग भवन को आईईडी से उड़ाने की धमकी दी। सीआईएसएफ को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी सतर्कता के साथ उचित सुरक्षा कदम उठाएं। उद्योग भवन में तलाशी अभियान चलाया गया। जांच में कुछ नहीं मिला।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, समय चाहिए तो आवेदन करें

# नीट-पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराने का निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में शुक्रवार को निर्देश दिया कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 दो पालियों के बजाय एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित प्राधिकारियों को एक पाली में परीक्षा आयोजित कराने की व्यवस्था करने और पूर्ण पारदर्शिता व सुरक्षित केंद्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से मनमानी होती है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया भी शामिल थे। न्यायालय ने कहा, किसी भी दो प्रश्नपत्रों के कठिनाई या सरलता का स्तर समान नहीं कहा जा सकता। सामान्यीकरण को अपवादस्वरूप मामलों में लागू किया जा सकता है, लेकिन इसे हर साल नियमित रूप से लागू नहीं किया जा सकता।



15 जून को होनी है परीक्षा, पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करे केंद्र

●

कोर्ट ने कहा, दो पालियों में परीक्षा करवाने से मनमानी होती है

#### इस याचिका पर आदेश

पीठ ने यह आदेश नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले कुल अभ्यर्थियों की संख्या 2,42,678 है और यह परीक्षा पूरे देश में आयोजित की जा रही है, किसी एक शहर में नहीं। पीठ ने कहा, हम यह स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि पूरे देश में और देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए, परीक्षा निकाय को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त केंद्र नहीं मिल सके।"

#### कम से कम प्रयास तो करें

न्यायालय ने कहा, हमने आपको (समय) विस्तार मांगने की स्वतंत्रता दी है। उसने कहा, आपने बिना प्रयास किए पहले ही मन बना लिया है कि आप ऐसा नहीं कर पाएंगे। कम से कम प्रयास तो कीजिए। याचिका में उठाया गया दूसरा मुद्दा एनबीईएमएस की वेबसाइट पर परिणाम घोषित होने के बाद प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजी के खुलासे से संबंधित है। पीठ ने कहा अब मामले की सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

### हादसे के समय 40 से 50 मजदूर मौजूद थे

# पंजाब : पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट 5 मजदूरों की मौत, 30 घायल

**डबवाली/मुक्तसर (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में डबवाली के साथ लगते पंजाब के जिले श्री मुक्तसर साहिब के गांव सिंघेवाला में गुरुवार देर रात एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। इसकी गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाके से फैक्ट्री का एक बड़ा हिस्सा और कमरा मलबे में तब्दील हो गया। इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 30 मजदूर घायल हो गए। कई घायलों की



स्थिति गंभीर बनी हुई है। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को बादल गांव के सरकारी अस्पताल व एम्स बठिंडा में भर्ती करवाया गया है।

#### मलबे में दबे मजदूर

बताया जा रहा है कि हादसे के समय यहां 40 से 50 मजदूर काम कर रहे थे। धमाके के कारण मजदूर मलबे में दब गए। जिले के डीसी अभिजीत कपलीश ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री को प्रशासन की तरफ से चलाने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। प्रशासन की अभी पहली जिम्मेदारी जख्मियों का बेहतर इलाज करवाना है। फैक्ट्री की इन्क्वायरी करने के बाद आरोपियों पर जरूर कार्रवाई की जाएगी। पटाखे बनाने की यह फैक्ट्री खेतों में बनी थी।



## ओडिशा में इंजीनियर के घर से 2 करोड़ कैश बरामद

विजिलेंस की टीम को देख खिड़की से नोटों के बंडल फेंके

■

7 ठिकानों पर छापेमारी, लाखों के गहने भी बरामद

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में विजिलेंस वहभाग ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के 7 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान उसके दो घरों से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुआ। लाखों रुपये के सोने के गहने और मंहगे कपड़े भी मिले हैं। विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपये के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली। कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ा। इंजीनियर की पहचान ओडिशा सरकार के कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है। वह राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में काम करता है। उसके पास आय से अधिक संपत्ति होने का शक है। अधिकारियों ने बताया कि इंजीनियर के आवास और ऑफिस में तलाशी जारी है। पूरी जांच के बाद ही खुलासा होगा।

## मार्च तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.4 प्रतिशत रही

पूरे वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत दर्ज

■

जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर धीमी होकर 7.4% पर आ गई। इससे पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत जबकि समूचे वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत रही थी। इस समग्र प्रदर्शन के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 330.68 लाख करोड़ यानी लगभग 3.9 लाख करोड़ डॉलर हो गया जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3.6 लाख करोड़ डॉलर था। इस तरह भारत मार्च, 2025 के अंत में अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था रहा।

# अंकिता हत्याकांड में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा



2 वर्ष 8 माह बाद कोर्ट का फैसला

●

दोषियों में एक भाजपा नेता का बेटा भी शामिल

24 सितंबर 2022 को नहर में मिला था अंकिता का शव

भाषा ▸▸| कोटद्वार

उत्तराखंड में कोटद्वार की एक स्थानीय अदालत ने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुख्य आरोपित भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य सहित तीन दोषियों को शुक्रवार को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी ने बताया कि कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी ने आर्य पर 72 हजार रुपये तथा अन्य दो आरोपियों- सौरभ भास्कर तथा अंकित गुप्ता प्रत्येक पर 62,000 का जुर्माना भी लगाया है।

#### रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी अंकिता भंडारी

अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता गायब हो गई थी। 24 सितंबर 2022 को उनका शव चीला नहर में मिला था।

#### पिता ने मांगी थी फांसी

कोर्ट का फैसला आने से पहले अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह ने बेटी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। उन्होंने कहा- जिन दरिंदों ने उनकी निर्दोष बेटी को मारा, उन्हें मौत की सजा मिलनी चाहिए।

## जिस स्टोर रूम में जली नकदी मिली वह जस्टिस वर्मा के नियंत्रण में था

जज के घर कैश मामले में समिति ने दी जानकारी, घटना के बाद स्टोर रूम से जली हुई नकदी हटाई गई

**नई दिल्ली (भाषा)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को नकदी बरामदगी मामले में दोषी ठहराने वाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने कहा कि जिस स्टोर रूम में जली हुई नकदी मिली थी, वह पूरी तरह न्यायाधीश और उनके परिवार के नियंत्रण में था। समिति को कुछ ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि 15 मई को आग लगने की घटना के बाद स्टोर रूम से जली हुई नकदी हटाई गई थी। इस महीने की शुरुआत में, भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने समिति की रिपोर्ट और न्यायमूर्ति वर्मा से प्राप्त जवाब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में साझा किए थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य समेत विभिन्न सबूतों पर विचार करने वाली समिति ने रिपोर्ट में कहा है कि आरोप इतने गंभीर हैं कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सकती है। समिति ने साक्ष्यों का विश्लेषण करने के साथ साथ दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख समेत 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जो 14 मार्च को रात 11:35 बजे नई दिल्ली के लुटियंस इलाके में न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने की घटना के बाद सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में शामिल थे।

**फायदा** ऐसे सरकारी कर्मचारी 30 जून तक कर सकते हैं लाभ लेने के लिए दावा

### एनपीएस के साथ-साथ एकीकृत पेंशन योजना के तहत अतिरिक्त लाभ मिलेंगे

# न्यूनतम दस वर्ष की सेवा वाले कर्मियों को मिलेगा यूपीएस का अतिरिक्त लाभ

*यूपीएस का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत्त कर्मी को प्रत्येक पूर्ण की गई 6 माह की सेवा के लिए अंतिम मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते के 10वें हिस्से का भुगतान होगा*

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 31 मार्च, 2025 को या उससे पहले न्यूनतम 10 साल की सेवा पूरी करके सेवानिवृत्त हुए केंद्र सरकार के एनपीएस खाताधारक या उनके जीवनसाथी एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत अतिरिक्त लाभ का दावा कर सकते हैं। यह पहले से दावा किए गए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) लाभों के अतिरिक्त है। योजना के अनुसार, यूपीएस का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी को प्रत्येक पूर्ण की गई छह महीने की सेवा के लिए अंतिम मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते के 10वें हिस्से का एकमुश्त भुगतान मिलेगा। साथ ही एनपीएस के तहत मासिक टॉप-अप राशि की गणना स्वीकार्य यूपीएस भुगतान और महंगाई राहत (डीआर) से एनपीएस के तहत प्राप्त पेंशन राशि को घटाकर की जाती है। इसमें कहा गया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लागू पीपीएफ दरों के अनुसार साधारण ब्याज भी दिया जाएगा।

#### यह होगी भुगतान दर

अधिसूचना के अनुसार, पूरी तरह सुनिश्चित भुगतान की दर सेवानिवृत्ति से ठीक पहले 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत होगी। इससे 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस के बीच चयन करने का विकल्प मिला। एनपीएस एक जनवरी, 2004 को लागू हुआ था।

#### जनवरी में यूपीएस को अधिसूचित किया

ऐसे कर्मचारियों या उनके जीवनसाथी द्वारा दावा करने की अंतिम तारीख 30 जून, 2025 है। वित्त मंत्रालय ने जनवरी में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को अधिसूचित किया था, जो सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन का वादा करती है। यूपीएस उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आते हैं और जो यह विकल्प चुनते हैं।

#### क्या है यूपीएस

वित्त मंत्रालय ने जनवरी में यूपीएस को नोटिफाई किया था, जो रिटायरमेंट से पहले पिछले 12 महीनों में मिले एवरेज बेसिक पे के 50 फीसदी के बराबर पेंशन का वादा करती है। यूपीएस उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत आते हैं और जो यह विकल्प चुनते हैं। नोटिफिकेशन के मुताबिक पूरी तरह सुनिश्चित भुगतान की दर सेवानिवृत्ति से ठीक पहले 12 महीने के औसत मूल वेतन यानी एवरेज बेसिक पे का 50 फीसदी होगी। इससे 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस के बीच चयन करने का विकल्प मिला।

## खबर संक्षेप

### न्यायसंगत एमएसपी बढ़ाई जाए : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में असमान वृद्धि को लेकर सरकार ने फिर किसान हितों की अनदेखी की है। सैलजा ने कहा कि न्यायसंगत एमएसपी बढ़ाने की जरूरत है। किसानों के साथ मजाक वाली यह सरकार स्वयं की पीठ थपथपा कर वाह वाह कर रही है। सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है। प्रमुख खाद्यान्न धान (सामान्य और ए ग्रेड) की एमएसपी में मात्र 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो ऊंट के मुंह में जीरे जैसी है।

### प्रदेश में सफाई घोटालों की सीबीआई जांच हो : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पानीपत नगर निगम का सफाई घोटाला उजागर हुआ है। आरटीआई के तहत मिली जानकारी के मुताबिक सफाई कार्य का ठेके देने में करोड़ों की धांधली हुई है। हुड्डा ने कहा है कि इससे पहले कैथल, रोहतक, गुरूग्राम और फरीदाबाद समेत पूरे प्रदेश में ऐसे घोटाले उजागर हो चुके हैं। इसलिए इन तमाम मामलों की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए। ताकि जनता की गाढ़ी कमाई में हो रही इस लूट पर रोक लग सके।

### पश्चिम बंगाल में हर चौक पर कानून की धज्जियां उड़ रही : विज

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को राजनीतिक रूप से सीख देते हुए कहा कि आजकल जिस प्रकर से देश में राष्ट्रभक्ति का उफान चल रहा है, ममता बनर्जी उसको पंचर करना चाहती है। लेकिन जो राजा होता है वह देश का राजा होता है उसे सबसे प्यार और सम्मान मिलता है और आजकल चारों तरफ तिरंगा, वंदे मातरम, भारत माता की जय गूंज रही है जिससे इनकी (विपक्ष) नींद हराम हो रखी है। पश्चिम बंगाल में हर चौक पर कानून की धज्जियां उड़ रही हैं।

### एसीबी ने खनन निरीक्षक के खिलाफ चालान दिया

**चंडीगढ़।** एसीबी रोहतक द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी मंजीत सिंह, खनन निरीक्षक, रोहतक के विरूद्ध चालान न्यायालय, सोनीपत में दिया है। मामला यह था कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर एसीबी रोहतक द्वारा जांच अमल में लाई गई। आरोप है कि आरोपी मंजीत सिंह, तत्कालीन खनन निरीक्षक, रोहतक द्वारा अपने नौकरी कार्यकाल के दौरान प्राप्त आय से अधिक राशी की चल-अचल सम्पति अपने व अपने परिवार के सदस्यो के नाम से अर्जित करनी पाई गई है। इसी मामले में कार्रवाई की गई है।

### अमृतसर एयरपोर्ट से 41,400 अमेरिकी डॉलर बरामद

**चंडीगढ़।** विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, राजस्व खुफिया निदेशालय की अमृतसर क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 29 मई 2025 को श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अमृतसर पर एक यात्री को रोका। यह यात्री एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से अमृतसर से दुबई की यात्रा कर रहा था और विदेशी मुद्रा की तस्करी का प्रयास कर रहा था।

अधिकारियों को मुख्य चेक-इन बैगेज के भीतर छिपाए गए एक अन्य बैग में बड़ी चतुराई से छिपाई गई 41,400 अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा मिली, जिसकी भारतीय मुद्रा में अनुमानित कीमत लगभग 35.40 लाख है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह जब्त की गई राशि बेहिसाब थी और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वीकृत सीमा से कहीं अधिक थी। तदनुसार, यह विदेशी मुद्रा सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत जब्त कर ली गई। प्रारंभिक जांच से यह भी संकेत मिला है कि आरोपी व्यक्ति मौद्रिक लाभ के लिए विदेशी मुद्रा की तस्करी में संलिप्त था।

## भगवान परशुराम की जयंती पर दी कई सौगात, मुख्यमंत्री बोले

# गांव पहरावर को बनाया जाएगा धाम परशुराम की बड़ी प्रतिमा लगाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नायब सिंह सैनी ने पहरावर धाम बनाने का ऐलान किया है। सीएम ने 60 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं शुक्रवार को जिला रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज की संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य मांगों को भी विभागों को भेजकर उनकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का काम किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने पहरावर की भूमि पर गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा का परिसर बनाने की घोषणा की, जिसके लिए अनुदान भी दिया जाएगा। इसके अलावा पहरावर में गौड़ संस्था की जमीन पर भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। इससे यह इलाका पहरावर नहीं, धाम कहलाएगा। सीएम ने घोषणा की कि समाज द्वारा एकत्रित की गई राशि का तीन गुना सरकार देगी। वहीं अरविंद शर्मा ने कहा कि पहरावर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सहकारिता और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया और कहा कि 36 बिरादरी के नेता हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि वे सनातन धर्म और संस्कृति के रक्षक भी थे।



रोहतक। मंच से लोगों का अभिनंदन स्वीकार करते सीएम नायब सैनी, साथ हैं पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा और मोहन लाल बड़ौली।

### इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान सीएम 6 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से पूर्ण हुई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें 50 लाख रुपए से अधिक की धनराशि से निर्मित बसंतपुर से धामड़ गांव तक संपर्क सड़क, 90 लाख रुपए से अधिक की धनराशि से पूर्ण किया काहनी से रिवाड़ा वाला रास्ता तथा लघु सचिवालय परिसर में 4 करोड़ 56 लाख रुपए से अधिक की धनराशि से निर्मित ईवीएम भंडार गृह शामिल है।

### इनका शिलान्यास

सीएम नायब सैनी 54 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से पूरी होने वाली 5 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें 40 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से गोहाना-लाखनमाजरा-महम-भिवानी (16.0 किलोमीटर से 53.7 किलोमीटर तक) सड़क का सुदृढ़ीकरण, लगभग 3 करोड़ रुपए की धनराशि से नागरिक अस्पताल में डीईआईसी भवन का निर्माण किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रोहतक में की घोषणा

# प्रदेश के पत्रकारों को जल्द मिलेगी कैशलेश चिकित्सा सुविधा, नोटिफिकेशन जारी करेंगे



**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पत्रकारों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही नोटिफिकेशन जारी कर कैशलेश कार्ड पत्रकारों को उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इसके साथ ही पत्रकारों की पेंशन बढ़ाने, रियायती रेलवे सुविधा व मान्यता के नियमों में सरलीकरण समेत अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन्हें लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधा कृष्णन ऑडिटोरियम में हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकारों को सीएम द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व बाबा कपिलपुरी महाराज व राकेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे। यूनियन के अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने कहा कि यूनियन लोकतांत्रिक तरीके से काम कर रही है।

# हाई कोर्ट से मिली वरिष्ठ चिकित्सकों को राहत, क्लीनिकल ड्यूटी का रास्ता खुला

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय पर बतौर कंसलटेंट सेवाएं दे रहे डॉक्टरों को अचानक ही नौकरी से रिलीव कर दिए जाने के विरुद्ध चार ने पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट की शरण ली। उक्त चारों को अदालत से रिलीफ मिल गया है, साथ ही उन्हें क्लीनिकल ड्यूटी करने को कहा गया है। इसमें एक डीजी हेल्थ रह चुके रणदीप सिंह पूनिया, निदेशक डेंटल रह चुके डा. प्रवीण सेठी, डीडी रिटायर डा. रेखा सिंह और एडी. डीजी हेल्थ डा. अपराजिता शामिल हैं। डाक्टरों का कहना है कि उनकी नियुक्ति डीजीएचएस द्वारा की जाती है, साथ ही नियमों के हिसाब से नियुक्ति कर उन्हें नोटिफिकेशन में साफ लिखकर दिया गया है कि वे क्लीनिकल व बाकी ड्यूटी सामान्य डाक्टरों की तरह से ही करेंगे। इस तरह के लिखित आदेश होने के बाद भी उन्हें अचानक ही रिलीव कर दिया गया था। इसके विरुद्ध वरिष्ठ डाक्टरों ने अदालत की शरण ली और इनमें से चार को क्लीनिकल ड्यूटी करने के आदेश दिए गए हैं।

### कोर्ट नहीं जाने वालों को कोई फायदा नहीं

इस क्रम में कुछ अन्य को भी रिलीव किया गया था, लेकिन चार को अदालत ने राहत दी है। जबकि एक ने इस्तीफा दे दिया था। अन्य दो डाक्टरों ने इस बारे में कोई अपील अदालत में नहीं की थी। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद हटाए गए और कोर्ट में नहीं गए डाक्टरों को फिलहाल, राहत नहीं है। हालांकि जिलों में बतौर कंसलटेंट सेवाएं देने वाले बाकी डाक्टरों की बात करें, तो इनकी संख्या लगभग 81 बनती है लेकिन अधिकांश क्लीनिकल काम करने के दावे पहले से ही कर रहे हैं।

### डॉक्टर को तुरंत प्रभाव से रिलीव कर दिया था

यहां पर बता दें कि एसीएस द्वारा जारी आदेशों के बाद में डीजी हेल्थ ने कंसलटेंट काम कर रहे, डॉक्टर को तुरंत प्रभाव से रिलीव कर दिया था। इन डॉक्टरों में डॉक्टर प्रवीण सेठी के साथ-साथ पूर्व डीजी रणदीप पूनिया, डा. रेखा सिंह, अपराजिता के अलावा रीटा कालरा को सेवा मुक्त कर दिया गया। कालरा जहां विदेश में बताई जा रहीं हैं, वहीं एक अन्य भी बाहर थे। इन डॉक्टरों को बीते सोमवार को क्लीनिकल सेवा करने से भी रोक दिया गया था। जिसके बाद में इन्होंने लीगल एक्सपर्ट की राय ली व हाई कोर्ट चले गए। यहां पर यह भी बता दें कि प्रशासनिक काम कर रहे डॉक्टर्स की छुट्टी करने के आदेश स्वास्थ्य मंत्री और सरकार से मिलने के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने डीजी हेल्थ को पत्र भेजा था। जिस पर सभी जिलों के सीएमओ से ब्योरा मांगा गया था। मुख्यालय पर तैनात डाक्टरों की पोस्टिंग को लेकर ज्यादा चर्चा थी।

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये, आई आईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए थे, जिनमें उनको जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया गया। उपरोक्त के संबंध में, भुगतान की तिथि तक डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से आगे से ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिए कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद् द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्न अनुसार है :

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) का नाम | डिमांड नोटिस की तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री शेरा, श्रीमती अमनजोत, शेरा मीट शॉप (प्रोस्पैक्ट नं. IL10439879) | 30/05/2025 एवं रु.975727/- (रुपये नौ लाख पचहत्तर हजार सात सौ सताइस केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : ओल्ड एम.सी सीमाओं, झज्जर, आबादी सिलानी गेट कॉलोनी, कच्चा बादली रोड, झज्जर, तह. व जिला झज्जर हरियाणा-124103 के अंदर बाका रकबा में स्थित संपत्ति/मकान (PP.I.D.JJR/W07/0471). क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 544.00,717.00,573.00. |
| श्री परमजीत सिंह, श्रीमती राजवंत कौर, परमजीत डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10370786) | 29/05/2025 एवं रु. 980747/- (रुपये नौ लाख अस्सी हजार सात सौ सैंतालीस केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव राजौंद, तह. राजौंद जिला कैथल हरियाणा-136044 में स्थित खेवट नं. 1430, खतौनी नं. 2315-2317 में से संपत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1629.00, 1477.00, 1182.00. |
| श्री तेजपाल, श्रीमती सीमा, तेजपाल मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10412591) | 30/05/2025 एवं रु. 597240/- (रुपये पांच लाख सतानवे हजार दो सौ चालीस केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बेगपुर, उप तहसील ढांड, जिला कैथल, हरियाणा-136027 में स्थित मकान/संपत्ति U.I.D/PP I.DNo.058932EB1M400SRR126A क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 939.00,1734.00,1387.00 |
| श्री राजेश, श्री राकेश, श्रीमती संतोष, राजेश मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10559144) | 30/05/2025 एवं रु. 877792/- (रुपये आठ लाख सतहत्तर हजार सात सौ बानवे केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव छातर, तहसील उचाना, जिला जींद, हरियाणा-126102 में स्थित खेवट नं. 1271, खाता नं. 1493 और खेवट नं. 1272, खाता नं. 1494 में से संपत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 819.00, 796.00, 636.00 |
| श्रीमती दर्शो, श्री सुभाष, दर्शो डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10479973) | 30/05/2025 एवं रु. 650965/- (रुपये छह लाख पचास हजार नौ सौ पैंसठ केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव काकरौद, तहसील उचाना, जिला जींद, हरियाणा-126115 में स्थित खेवट नं. 499/579, खाता नं. 675, खसरा नं 709 (1-0) में निहित संपत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1359.00, 1356.00, 1085.00 |
| श्री सुरजीत सिंह, श्रीमती बलविंदर कौर, बलविंदर कौर डेयर फार्म, सुरजीत सिंह ट्रक ड्राइवर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10628237) | 30/05/2025 एवं रु. 870319/- (रुपये आठ लाख सत्तर हजार तीन सौ उन्नीस केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव सलपानी खुर्द, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136130 में स्थित खेवट नं. 8, खतौनी नं. 8 में निहित संपत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2178.00,1585.00,1268.00. |
| श्री सुरेंद्र, श्री अमन शर्मा, श्री दिनेश, श्रीमती शशि देवी, दिनेश डेयर फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10777969) | 30/05/2025 एवं रु.2534015/- (रुपये पच्चीस लाख चौंतीस हजार पंद्रह केवल) | अग्रलिखित संपत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 1330, खतौनी नं. 1409, किल्ला नं. 115//1 (7-17) पानीपत, हरियाणा-132101, भारत वाली संपत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2722.00. |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय :** अवनी प्लाजा, प्रथम तल, खसरा नं. 27/11, 27/11/1, बाका मौजा उंचा गोआं, यादव कॉलोनी, मोहना रोड, निकट यादव डेयरी, एसबीआई बैंक के ऊपर, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा- 121004 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय :** आई आईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 31.05.2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

# सीईटी : अभ्यर्थियों के लिए आयोग ने शुरू की हेल्पलाइन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट 2025 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आयोग द्वारा एक विशेष हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को सीईटी रजिस्ट्रेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी हो, तो वह मोबाइल नंबर 90634-93990 पर कॉल करके आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकता है। चौहान ने स्पष्ट किया कि यह हेल्पलाइन सेवा केवल सीईटी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है। इसके माध्यम से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं, शंकाओं या तकनीकी कठिनाइयों का समाधान किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा फोटोग्राफ की जगह हस्ताक्षर की छवि तथा हस्ताक्षर की जगह फोटोग्राफ अपलोड करना, धुंधली या साइड एंगल से ली गई तस्वीरें जमा करना, चिपकाई गई फोटो की पूरी शीट की स्कैन कॉपी अपलोड करना अथवा कैटेगरी सेक्शन में आधार कार्ड जैसे अप्रासंगिक दस्तावेज संलग्न करना, ये सभी ऐसी गलतियां हैं जिनसे बचना अत्यंत आवश्यक है। यदि कोई भी गलती पाई जाती है, तो संबंधित अभ्यर्थी का आवेदन स्वतः रद्द कर दिया जाएगा।

### मोदी सरकार के 11 साल के कार्यक्रम के लिए 27 जिलों में समिति गठित

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने पर प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि शुक्रवार को इस बाबत प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने पत्र भी जारी कर दिया है। पत्र के अनुसार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सभी संगठनात्मक 27 जिला अनुसार नियुक्तियां की है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए इन जिला समिति का गठन कर दिया है।

**MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)**

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| S.No | e-Published Date | Closing Date | Opening Date | Title and Ref.No./Tender ID | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30-May-2025 09:00 AM | 05-Jun-2025 05:00 PM | 06-Jun-2025 10:00 AM | [SELECTION OF AGENCY FOR RE-MEDIATION AND RECLAMATION OF EXISTING DUMPSITE AT KHERI MASANIYA ROAD IN MC UCHANA (RE-CALL)./LEGACY/05/2025/MCU 2025_HRY_449648_1] | Haryana Govern-ment\|\| Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |
| 2. | 30-May-2025 09:00 AM | 19-Jun-2025 05:00 PM | 20-Jun-2025 10:00 AM | [SELECTION OF AGENCY FOR DOOR TO DOOR COLLECTION SEG-REGATION OF MUNICIPAL SOLID WASTE FROM EACH ESTABLISH-MENT TRANSPORTATION TO THE PROCESSING SITE IN MC UCHANA FOR FIVE YEARS. D2D/05/2025/MCU 2025_HRY_449641_1] | Haryana Govern-ment\|\| Urban Local Bodies\|\|MC Uchana |

Sd/- Secretary MC Uchana

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कमान अधिकारी कोरस 9वीं वाहिनी जगाधरी वर्कशॉप द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एक पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | कोरस 9वीं वाहिनी के लिए कमांडो प्रशिक्षण संस्थान (कोटरेन्स) को सामरिक संलग्नता केंद्र (टीईसी) का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रूपये 244.00 लाख |
| 3 | कार्य निष्पादन की अवधि | 04 (चार) माह |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 2,72,000.00 |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 04.06.2025 से 25.06.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 25.06.2025 को 11:30 बजे तक, निविदाकर्ता द्वारा 10.06.2025 से 25.06.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 25.06.2025 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

टेंडर नोटिस सं0:- 9BN/BQM/Cotrains-108B/2025/297 दिनांक: 29.05.2025 1613/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कमल पुत्रः रोहताश, पताः** मकान नं. 6, असंध रोड, फ्लाईओर नियर गीता कॉलोनी, पानीपत हरियाणा, **FIR No. 626/2022, U/s 376/506 IPC & 67A IT Act,** थानाः राज पार्क, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 626/2022, U/s 376/506 IPC & 67A IT Act,** थानाः राज पार्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री कपिल कुमार**
अति. सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) उत्तर
कमरा नं. 201, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/6160/OD/2025**
**(Court Matter)**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अंबाला | अंबाला जिले में अंबाला शहर में कल्पना चावला हॉस्टल की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 27.05.2025 02.06.2025 | 43.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सादलपुर से चिब्बरवाला रोड आरडी 0.000 से 5.650 तक रोड का मजबूतीकरण (रोड आईडी 4810) (एससीएसपी के तहत)। | बंद होने की तिथि 05.06.2025 | 308.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पानीपत | फील्ड हॉस्टल नं. 1, कैनाल कॉलोनी, बिंझोल, पानीपत में मरम्मत और रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 4.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.com |
| 4 | लोनिवि भ व प जींद | जींद जिले में गांव गडवाली में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 103.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प जींद | जींद जिले में गांव सुंदरपुर में राजकीय पशु चिकित्सालय की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 17.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में बाल कल्याण बाल उद्यान, सिविल लाइंस का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 04.06.2025 | 8.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में राजकीय आईटीआई में एफ-1 क्वार्टरों का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 04.06.2025 | 1.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम में लघु सचिवालय में एनआईसी ऑफिस की मरम्मत/पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 04.06.2025 | 1.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज, हिसार | रावतखेड़ा, हिसार, साथरी (बिश्नोई) धर्मशाला में हॉल कमरे का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 3 कार्य। | 23.05.2025 05.06.2025 | 34.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज, रेवाड़ी | भाकली-गांव भाकली, खंड नाहड़, रेवाड़ी में सामुदायिक केंद्र को पूरा करना (एसएमपीआरएम) + 1 कार्य। | 28.05.2025 05.06.2025 | 77.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज, खरखौदा | गांव गढ़ी सिसाना खंड खरखौदा में दादा जोहडवाला धाम सेवा समिति में शेड का निर्माण (एमपीएलएडीएस)। | 28.05.2025 06.06.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467668228 amitsihmar12994@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज, भिवानी | गांव बडेसरा में रावली माता तालाब (01HRBHWBHW0053BADE106) का सौंदर्यीकरण। | 28.05.2025 02.06.2025 | 29.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज, खंड बाहड़ा | गांव आर्य नगर में शमशान घाट की चारदीवारी का निर्माण कार्य (डी-प्लान)+ 1 कार्य। | 28.05.2025 05.06.2025 | 13.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 14 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद टाउन : एमसी फतेहाबाद टाउन में नए अनुमोदित क्षेत्र में मौजूदा सीवेज स्कीम का मजबूतीकरण और सीवर लाइन बिछाना। फतेहाबाद टाउन में जवाहर से पुराना डिस्पोजल तक मौजूदा 900x600 मिमी. ब्रिक सीवर का ÂOECIPP और उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य। Âo | 22.05.2025 12.06.2025 | 1488.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 15 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद टाउन : एमसी फतेहाबाद टाउन में नए अनुमोदित क्षेत्र में मौजूदा सीवेज स्कीम का मजबूतीकरण और सीवर लाइन बिछाना। संग्रहण टैंक निहित 4 आईपीएस, पंप चेंबर, चारदीवारी, स्टाफ क्वार्टर्स, राइजिंग मेन लाइंस, डी.जी. सेट, इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर्स, पंपिंग मशीनरी और टॉयलेट ब्लॉक्स का निर्माण। सीवर लाइंस बिछाना और मैनहॉल्स इत्यादि का निर्माण और उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.05.2025 12.06.2025 | 2867.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, सोनीपत | मॉनसून 2025 से पूर्व शैखपुरा ड्रेन आरडी 0 से 43250, पांची जाटान लिंक ड्रेन आरडी 0 से 6750 और पुरखास ड्रेन आरडी 0 से 11689 की गाद और जंगल की सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 37.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrws@rediffmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक | लोअरिंग एसएसडब्ल्यूएल हेतु गोरिया गांव में स्थापित 16 अदद छिछले नलकूप की चेन लिंक फेंसिंग का प्रावधान। | 28.05.2025 04.06.2025 | 20.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 18 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में हॉस्पिटल इनडोर मरीजों के लिए किचन और डायटरी सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा के संबंध में। | 04.06.2025 19.06.2025 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/360/35239/I/88/6 दि. 30.05.25

# नकली पासपोर्ट बनाकर भागा था थाईलैंड डिपोर्ट होने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## बलतेज पर पंजाब में पहले ही दर्ज है 9 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



- आरोपी ने टोहाना के फर्जी पता देकर बनवाया था पासपोर्ट
- केस में आरोपी को अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था
- बलतेज का नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

नकली पासपोर्ट के माध्यम से विदेश भागे अपराधी बलतेज सिंह उर्फ बेजू को फतेहाबाद पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी बलतेज सिंह पुत्र चरणजीत सिंह निवासी गांव हरीके, जिला तरनतारण, पंजाब है, जो वर्ष 2021 से फरार चल रहा था। आरोपी बलतेज सिंह ने टोहाना में फर्जी पता देकर पासपोर्ट बनवाया और थाईलैंड भाग गया था।

वहां से डिपोर्ट किए जाने के बाद फतेहाबाद पुलिस ने उसे नियमानुसार गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं के तहत कुल 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में थाना शहर टोहाना में धोखाधड़ी एवं पासपोर्ट अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज है। आरोपी को न्यायालय द्वारा पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। अब तक इस संगठित रैकेट से जुड़े कुल 39 आरोपियों को फतेहाबाद पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, जो जाली दस्तावेजों के माध्यम से युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस की सतर्कता, निरंतर निगरानी और तकनीकी सहायता से संभव हो सकी है। उन्होंने दोहराया कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि बलतेज सिंह उर्फ बेजू के विरुद्ध पंजाब में विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज है।

## होटल कर्मचारी का अपहरण करने और फिरौती मांगने के आरोप में 7 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-17/18 थाना एरिया में होटल कर्मी से मारपीट कर किडनेप करने व फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने होटल कर्मी को सकुशल छुड़ा लिया और सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी युवक अपनी महिला मित्र के साथ होटल में ठहरा हुआ था। महिला मित्र से झगड़ा होने पर होटल प्रबंधन ने उन्हें बाहर निकाल दिया। जिसकी रंजिश के चलते युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई कार भी बरामद की है। दरअसल, सेक्टर-17/18 थाना पुलिस को शिकायत मिली कि सुखराली एनक्लेव स्थित वेलकम होटल में काम करने वाले एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर किडनेप हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो होटल का संचालक मिला। जिसने पुलिस को बताया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से वेलकम होटल में रिशेप्सन मैनेजर/संचालक का काम कर कर रहा है। बीती 20 मई की रात को करीब 11.30 बजे नरेंद्र कुमार नामक एक युवक अपनी महिला मित्र के साथ होटल में रुकने के लिए आया। दोनों की आवागमन रजिस्टर में एंट्री करने के बाद उन्हें कमरा दे दिया। कुछ ही देर बाद दोनों में झगड़ा हुआ तो उन्हें वहां से निकाल दिया गया। इसके बाद 29 मई की सुबह करीब 6.30 बजे एक सफेद रंग की कार में नरेन्द्र कुमार 5-6 युवकों के साथ होटल में आया और होटल कर्मी से मारपीट की। उन्होंने होटल के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर होटल का आवागमन रजिस्टर ले लिया। इसके बाद होटल के कर्मचारी को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। इसके बाद एक आरोपी ने होटल के कर्मचारी को छोडऩे के बदले फोन पर धमकी देते हुए दो लाख रुपए की फिरौती भी मांगी थी। जिसमें दस हजार रुपए आरोपी द्वारा दिए गए बैंक खाते में ट्रांसफर भी करा दिए थे। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




## फैक्ट्री में गैस रिसाव मामले में केस दर्ज

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 थाना एरिया के बसई स्थित एक फैक्ट्री में हुए गैस रिसाव पर लोगों की तबियत बिगड़ने पर पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है। गैस रिसाव बीती 23 मई की रात को हुआ था, जिसके चलते करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, गांव बसई के रहने वाले महेश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि गांव में सूरी ऑटोमोबाइल के नाम से कंपनी है। इस कंपनी में कैमिकल का उपयोग होता है। अक्सर इस कंपनी से कैमिकल और गैस का रिसाव होता रहता है। 23 मई की रात को भी इसमें गैस का रिसाव हुआ जिसके कारण गीता देवी, खुशी, अनु, सरिता, देवांश, सृष्टि, दृष्टि, पूजा सहित अन्य लोग चपेट में आ गए जिन्हें उल्टी होना और चक्कर आने जैसी शिकायत होने लगी। उन्हें इस हालत में देखकर लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शिकायत पर अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 125, 280 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार ओवरब्रिज से नीचे गिरा

- कार चालक मौके से फरार हुआ पांच बहनों को इकलौता भाई था भूपेंद्र नगर का विकास

जींद। रोहतक रोड तथा भिवानी रोड पर रेलवे ओवरब्रिज पर तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। शहर थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है भूपेंद्र नगर भिवानी रोड निवासी विकास (28) बृहस्पतिवार रात बाइक पर सवार होकर रोहतक रोड की तरफ से अपने घर जा रहा था। जब वह रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

जिसमें विकास ओवरब्रिज से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक कार को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने विकास को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की मां शारदा ने पुलिस को बताया कि विकास पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। विकास गांव जैजैवंती में मजदूरी करने गया था। रात को वापसी के दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निवेश का झांसा देकर युवती से 15.5 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर थाना वेस्ट एरिया में जालसाजों द्वारा इंवेस्टमेंट कराकर युवती से 15.5 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में भीमगढ़ खेड़ी की रहने वाली श्रुति गुप्ता ने बताया कि वह नौकरी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान उनकी व्हाट्सएप के जरिए अरिया महेश्वरी नामक युवती से बात हुई। जिसने उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा और डेली बेस पेमेंट का काम देने की बात कही। इस ग्रुप में उन्हें इनवेस्टमेंट की बात कही गई। ज्यादा लाभ दिए जाने की बात कहकर उन पर इनवेस्टमेंट का दबाव बनाया गया। पहली बार इनवेस्टमेंट के बाद उनसे और भी रुपए मांगे गए। श्रुति से लगातार कई ट्रांजेक्शन के जरिए करीब साढ़े 15 लाख से ज्यादा रुपये ट्रांसफर करा दिए गए। बाद में आरोपियों ने पैसे देने से मना दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ड्रग तस्कर को 15 साल की सजा व 1 लाख जुर्माना

**फरीदाबाद।** नशा तस्करी के मामले मे आरोपी नीरज निवासी तिरखा कॉलोनी फरीदाबाद को 15 साल की कैद की सजा व 1 लाख रुपये जुर्माना लगाया है पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 सितंबर 2020 को पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने गस्त के दैरान नीरज को प्रतिबंधित 23 इंजेक्शन सहित गिरफ्तार किया गया था। जिस संबंध मे थाना शहर बल्लभगढ में नशा तस्करी से संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज कर किया गया व पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित कर 12 जनवरी 2021 को चालान माननीय अदालत में प्रस्तुत किया गया। तब से मामले अदालत में विचाराधीन था।


## अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 व क्राइम ब्रांच बोर्डर की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को 2 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मई को क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश निवासी सजंय कालोनी फरीदाबाद को संजय कालोनी से व क्राईम ब्रांच बोर्डर की टीम ने शिव कुमार निवासी मच्छी मार्केट फरीदाबाद को बाईपास रोड सेक्टर 37 एरिया से देशी कट्टा सहित काबू किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

फरीदाबाद में नीमका जेल का कारनामा

## बेल वाला जेल में ही रह गया और रेप आरोपी हो गया रिहा

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित नीमका जेल में एक हैरान करने वाली गलती हो गई। 2 कैदियों और उनके पिताओं के नाम एक जैसे होने के कारण गलत कैदी को रिहा कर दिया गया। रेप के गंभीर अपराध में बंद नितेश पांडे को छोड़ दिया गया, जबकि रिहा होने वाला दूसरा नितेश था, जिस पर सिर्फ घर में घुसने और मारपीट का इल्जाम था।

### एक की जेल में थे बंद

कैदियों के नाम नितेश और उनके पिताओं के नाम रविंदर हैं और ये एक ही जेल में बंद थे। नितेश पांडे को अक्टूबर 2021 में 9 साल के एक बच्चे के साथ रेप के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 24 साल का दूसरा नितेश, जिसका सरनेम नहीं है, रविवार को घर में घुसने और मारपीट के इल्जाम में जेल भेजा गया था। नितेश को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने रिहा करने का आदेश दिया था।






# फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने रिकॉर्ड 20वीं बार तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच को तीसरे सेट में अपने बाएं पैर के अंगूठे में छाले के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कोरेंटिन मोउटेट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से जीत हासिल की। इस परिणाम ने जोकोविच को रिकॉर्ड 20वीं बार रोलां-गैरो में तीसरे दौर में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल भी ऐसा करने में सफल नहीं हुए।

वह दो और जीत के साथ लगातार 16वें साल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे। जोकोविच ने 2024 में चौथे दौर के दौरान अपने दाहिने घुटने के चोटिल होने के बाद हालांकि अंतिम आठ में खेलने से पहले ही नाम वापस ले लिया था। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच ने पेरिस में तीन खिताब जीते हैं।



### सिनर ने गासकेट को हराया

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी। तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया। ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी।



### 23 गलतियां कर जीती गॉफ

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी। महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी। , साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।

खास खबर

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन युगल खिताब से दो जीत दूर



**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मजबूत रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। इस जीत के बाद चिराग ने कहा, 'हां, यह एक बड़ी जीत है क्योंकि हम अभी दुनिया में 27वें नंबर पर हैं।


### भारतीय टीम की जर्सी में दिया गया ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान

**नई दिल्ली।** भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ ने ब्रिक्स ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी का शुक्रवार को अनावरण किया जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' से प्रेरित डिजाइन के जरिए आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को समर्पित किया गया। इस जर्सी को 'टेककेन 8' के खिलाड़ी गुराशीष 'सोल' सिंह और शुभम खोरवाल पहनेंगे।



इसका डिजाइन 'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखे राष्ट्रीय गौरव, जज्बा और सैन्य लोकाचार से प्रभावित है। जर्सी के बीच में शक्ति के प्रतीक के तौर पर गहरे लाल रंग की पट्टी है। यह विवाहित भारतीय महिलाओं द्वारा लगाये जाने वाले सिंदूर से प्रेरित है। जर्सी की पृष्ठभूमि में भारतीय सशस्त्र बलों की वर्दी से प्रेरित पैटर्न है, जो सतर्कता, अनुशासन और सेवा को दर्शाता है। खिलाड़ियों ने मॉस्को के लिए रवाना होने से पहले नयी लॉन्च की गई जर्सी पहनी।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले क्रिकेटर सूर्यवंशी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को बिहार के प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने मुलाकात की जो हाल में आईपीएल में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पटना हवाई अड्डे पर सूर्यवंशी के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'पटना हवाई अड्डे पर युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से भेंट हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' मार्च में 14 साल के हुए सूर्यवंशी बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले हैं।

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन | नूर अहमद |
| 679 रन | 24 विकेट |
| गुजरात | चेन्नई |



## खबर संक्षेप



### रायजा और नरुका की भारतीय टीम में वापसी


**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी महासंघ की चयन समिति ने इटली के लोनाटो में होने वाले आगामी शॉटगन आईएसएसएफ विश्व कप के लिए टीम का चयन किया जिसमें पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरुका की राष्ट्रीय सीनियर टीम में वापसी हुई है।यह साल का चौथा विश्व कप है जो चार से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। रायजा ने पिछले हफ्ते सुहल में जूनियर विश्व कप में रजत पदक जीता था। इस महीने की शुरुआत में तीसरे निकोसिया शॉटगन विश्व कप में भारत ने नयी ओलंपिक ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना पहला पदक कांस्य के रूप में जीता था।

### कोच अरुण श्रीलंका में कराएंगे ट्रेनिंग कार्यक्रम

**कोलंबो।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण दो जून से श्रीलंकाई क्रिकेटरों के लिए एक विशेष 14 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमें सीनियर टीम के साथ पुरुष और महिला जूनियर भी शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि अरुण उनकी पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों, महिला ए टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, उच्च उत्कृष्टता केंद्र के कोचों, क्लब और प्रांतीय कोचों के साथ कोचिंग देने वाले शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### बजरंग पूनिया के खिलाफ मानहानि का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है। न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है।



### खिलाड़ियों को संदेह करने से बचना चाहिए

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह' करने से बचें। पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा।


### रोहित ने 50 बॉल पर 81 रन बनाए, बोल्ट को 2 विकेट

# रोहित का बल्ला चला, गुजरात को हराकर मुंबई आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में

- इंडियंस ने टाइटंस को 20 रन से हराया, अब कल पंजाब से मुकाबला
- बेयरस्टो ने 47, सूर्यकुमार ने 33, तिलक ने 25 और पंड्या ने नाबाद 22 रन बनाए

भाषा ▶▶| मुल्लांपुर

बड़े मैचों का दबाव झेलने में माहिर मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस को शुक्रवार को आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हराकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बना ली। अब मुंबई का सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा जिसमे जीतने वाली टीम तीन जून को अहमदाबाद में फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से खेलेगी। मुंबई ने रोहित (50 गेंद में 81) और बेयरस्टो (22 गेंद में 47) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाये। जवाब में आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले साइ सुदर्शन के 49 गेंद में 80 रन के बावजूद गुजरात की टीम छह विकेट पर 208 रन ही बना सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गुजरात ने 16वें ओवर तक मैच अपनी जद से निकलने नहीं दिया लेकिन सुदर्शन के विकेट के बाद मुंबई ने शिकंजा कस लिया।




जसप्रीत बुमराह ने अपने चिर परिचित यॉर्कर पर वॉशिंगटन सुंदर (24 गेंद में 48 रन) को बोल्ड किया। इसके बाद रिचर्ड ग्लीसन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में सुदर्शन चूके और उनका स्टम्प उखड़ गया। गुजरात को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिये थे और दो खब्बू बल्लेबाज राहुल तेवतिया और शेरफान रदरफोर्ड क्रीज पर थे। आखिरी ओवर में 24 रन की जरूरत थी और मुंबई के लिये इस मैच के जरिये पदार्पण करने वाले ग्लीसन ने तीन ही रन दिये।इससे पहले गुजरात की फील्डिंग भी बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच टपकाये जिनमें से दो रोहित के और एक सूर्यकुमार यादव (20 गेंद में 33 रन) के थे। रोहित को पावरप्ले में दो जीवनदान मिले जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। पहले गेराल्ड कोएत्जी ने डीप में उनका कैच छोड़ा और फिर गुजरात के लिये पदार्पण करने वाले कुसल मेंडिस ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे कैच टपकाया। बेयरस्टो (22 गेंद में 47 रन) ने पावरप्ले में आक्रामक खेलते हुए मुंबई को शानदार शुरूआत दी। इंग्लैंड टीम से बाहर इस बल्लेबाज ने हाल ही में यॉर्कशर के लिये काउंटी क्रिकेट में लगातार दो अर्धशतक लगाये हैं। वह इस मैच से ही मुंबई टीम से जुड़े हैं। पावरप्ले में स्पिनर साइ किशोर के आने पर रोहित ने भी हाथ खोलने शुरू किये। मुंबई के पूर्व कप्तान ने दो चौके और एक छक्का लगाकर टीम को छठे ओवर में बिना किसी नुकसान के 79 रन तक पहुंचाया जो इस सत्र में पावरप्ले में मुंबई का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अधिकांश बल्लेबाज अफगानिस्तान के धुरंधर स्पिनर राशिद खान को संभलकर खेलते हैं लेकिन अपनी लय में आने पर रोहित ने उन्हें भी नहीं बख्शा और स्लॉग स्वीप पर छक्का जड़ दिया। मुंबई का स्कोर दस ओवर में एक विकेट पर 113 रन था। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार ने कोएत्जी का स्वागत दो छक्को के साथ किया। तिलक वर्मा ने भी 11 गेंद में 25 रन बनाये जिसमें तीन छक्के शामिल थे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 20वें ओवर में कोएत्जी को दो छक्के लगाकर मुंबई को 225 के पार पहुंचाया।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

## गुकेश ने कारुआना को हराया अर्जुन एरिगैसी को मिली मात




एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की।अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं।

गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए।

### विश्व के नंबर एक कार्लसन ने दर्ज की जीत

विश्व के नंबर एक कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में अपनी रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई और पूरे तीन पूर्ण अंक अर्जित किए। पिछले दो चरण में दो बार 'आर्मागेडन गेम' हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू दर्शकों के सामने इस जीत के साथ दमदार वापसी की। पिछले दौर में कारुआना से हारने के बाद एरिगैसी के लिए यह दो दिनों में दूसरा झटका था।

**शीर्ष पर हम्पी :** महिला वर्ग में एक रोमांच से भरे दिन में भारत की आर. वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम सात-सात अंक है। वैशाली 3.5 अंकों के साथ छठे स्थान है।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रन से हराया, पहली बार शीर्ष 7 बल्लेबाजों के 35+ स्कोर

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के नए कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक का कार्यकाल गुरुवार को एजबेस्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में 238 रनों की बड़ी जीत के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड के शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। एकदिवसीय मैचों में पहली बार हुआ था जब शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। ब्रूक उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने अर्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 400 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 27वें ओवर में 162 रन पर आउट कर दिया। मध्यम गति के गेंदबाज साकिब महमूद (तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जबकि तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (तीन विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया। इंग्लैंड के पास रविवार को कार्डिफ में जीत के साथ सितंबर 2023 के बाद से पहली बार एकदिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला को अपने नाम करने का मौका होगा। इस श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को ओवल में होगा।

एशियाई एथलेटिक्स

**भारत के कुल पदकों की संख्या हुई 18**

## शुक्रवार स्वर्ण से गुलजार : गुलवीर पूजा, नंदिनी बने एशियन चैंपियन

एजेंसी ▶▶| गुमी

गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा के फाइनल में एक दशक पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं ऊंची कूद में पूजा सिंह और हेप्टाथलॉन में नंदिनी अगसारा ने स्वर्ण पदक जीतकर 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन को भारत के लिए खास बना दिया।

गुलवीर ने शुक्रवार को चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर लंबी दूरी की दौड़ के भारत के महान




खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा लिया। इससे देश के कुल पदकों की संख्या 18 हो गई है। इसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने 2023 सत्र में 27 पदक जीते थे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक गुलवीर ने 13 मिनट 24.77 सेकंड का समय निकालकर थाईलैंड के कीरन टुनटिवेट को पीछे छोड़ा जो 13 मिनट 24.97 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

गुलवीर ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिन 10,000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई। इस 18 साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में 1.89 मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (1.86 मीटर) को पछाड़ा।

### नंदिनी ने हेप्टाथलान में रचा इतिहास

नंदिनी एशियाई चैंपियनशीप में स्वर्ण जीतने वाली केवल तीसरी भारतीय हेप्टाथलीट बन गईं। इससे पहले स्वप्ना बर्मन (2017) और सोमा बिस्वास (2005) ने इस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किए थे। अगासरा ने 5941 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। वह भाला फेंक में महज 34.18 मीटर की दूरी तय करने के बाद चीन की लियू जिंगी से पिछड़ गई थी लेकिन उन्होंने 800 मीटर दौड़ को जीतकर मजबूत वापसी की। जिंगी ने 5869 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

### भारतीय गेंदबाज बुमराह इंग्लैंड में कर रहे टेस्ट मैचों की तैयारी

# सभी प्रारूपों में खेलना मुश्किल, चयन करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में खेलने की चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि लंबे समय तक तीनों प्रारूपों में खेलने में कठिनाई होती है और कहा कि उन्हें भी किसी समय चयन करना ही होगा। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं।



बुमराह ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क से 'बियोंड 23' पोडकास्ट में कहा, 'निश्चित रूप से किसी भी खिलाड़ी के लिए इतने लंबे समय तक सभी प्रारूपों में खेलना मुश्किल है। मैं कुछ समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन आपको यह समझना होगा कि आपका शरीर कैसा कर रहा है और कौन सा टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है।' इकतीस वर्षीय बुमराह ने भारत के लिए अब तक 45 टेस्ट, 89 वनडे और 70 टी20 मैच खेले हैं।

इसके अलावा उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 143 आईपीएल मैच भी खेले हैं। बुमराह ने कहा, 'आपको चयन करना होगा और आपको अपने शरीर के इस्तेमाल के तरीके के बारे में थोड़ा समझदार होना होगा। बतौर क्रिकेटर मैं कभी भी कुछ छोड़ना नहीं चाहूंगा और हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहूंगा। इस समय मैं ठीक हूं लेकिन मैं कोई लक्ष्य नहीं बनाता और खुद के लिए किसी समय तक कोई संख्या नहीं बनाता हूं कि मुझे इस समय यहां होना चाहिए।'

### ओलंपिक के लिए उत्साहित

बुमराह ने 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा को खुद के लिए प्रेरणा करार दिया। बुमराह ने कहा, 'अब तक की यात्रा अच्छी चल रही है। जिस दिन मुझे लगेगा कि जोश खत्म हो गया है या प्रयास नहीं कर पा रहा हूं तो आप उस समय ही फैसला करते हैं। ओलंपिक में क्रिकेट शामिल है इसलिए मैं इसके लिए उत्साहित हूं। किसने सोचा होगा कि क्रिकेट एक ओलंपिक खेल होगा? इसलिए यह मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है। लेकिन मैं लक्ष्य निर्धारित नहीं करता क्योंकि जब भी मैंने लक्ष्य निर्धारित किए हैं मैं उन्हें पूरा नहीं कर पाया हूं।'

## चिंतन

# जीडीपी की सुस्ती चिंताजनक विनिर्माण क्षेत्र में करें सुधार

राजकोषीय घाटा का लक्ष्य हसिल करना उल्लेखनीय प्रगति है, पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर में जारी सुस्ती चिंताजनक है। पिछले कुछ समय से भारतीय अर्थव्यवस्था स्टैगनेशन सिंड्रोम की तरफ बढ़ रही है। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन करने के बावजूद भारत नए निवेश अपेक्षित मात्रा में आकर्षित नहीं कर पा रहा है। सार्वजनिक निवेश में कमी दर्ज की जा रही है, जीडीपी पर इसका असर दिख रहा है। देश में बेरोजगारी दर भी तीन से चार प्रतिशत के बीच है, जो विकसित देशों के आंकड़े के दायरे में ही है, इससे साफ है कि कामकाज के माहौल हैं, इसके बावजूद जीडीपी की नरमी चुनौती पेश कर रही है। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.63 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटे को काबू में रखना सरकार के लिए हमेशा बड़ी चुनौती होती है। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रही। अब पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में वृद्धि दर के सुस्त पड़ने से समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही है। जीडीपी के मामले में भारत बेशक चीन से आगे हो, लेकिन इसकी लगातार सुस्ती से भारत अपने विकसित भारत के लक्ष्य को लक्षित समय तक नहीं हासिल कर सकेगा। अभी महंगाई दर भी नियंत्रण में है और रिजर्व बैंक ने लगातार दो बाद रेपो दरों में कटौती की, ऐसे में सरकार के पास आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाने का मौका है। उद्योग जगत से इस आशय की मांग लगातार की जा रही है। फिक्की, एसोचैम जैसे उद्योग संगठनों ने भी नए आर्थिक सुधार की वकालत की है। भारतीय अर्थव्यवस्था में जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है, अभी आंकड़ों में भारत ने जर्मनी को पछाड़ा है और विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा हासिल किया है, लेकिन विनिर्माण के क्षेत्र में देश उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था इसके पहले अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 6.4 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.6 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वार्षिक आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 4.5 प्रतिशत रही, जबकि 2023-24 में 12.3 प्रतिशत थी। हालांकि, कृषि क्षेत्र में 2024-25 के दौरान उत्पादन बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 2.7 प्रतिशत था। चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन घटकर 4.8 प्रतिशत रह गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 11.3 प्रतिशत था। भारत को विनिर्माण क्षेत्र की दिक्कतों को दूर करने की जरूरत है। वैश्विक मैनुफैक्चरिंग का हब बनने के लिए बहुत जरूरी है कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करे।



अहिल्याबाई होल्कर
डॉ. योगिता यशवीर राघव

# भारत की युगप्रवर्तक महारानी

रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं। अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब अहिल्याबाई का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है।

भारतीय इतिहास की कालजयी गाथाओं में जो एक नाम नारी नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन और लोककल्याण की अद्वितीय मिसाल बनकर चमकता है, वो है रानी अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। वे केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक युगप्रवर्तक थीं, जिनकी दृष्टि, सेवा भावना और निर्णय क्षमता आज भी हमें प्रेरणा देती हैं। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने न केवल मालवा राज्य को समृद्ध और सुदृढ़ बनाया, बल्कि समूचे भारत में धर्म, संस्कृति और जनकल्याण की अमिट छाप छोड़ी। महान युगप्रवर्तक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती उनके अदम्य साहस, जीवन, मूल्यों, अद्वितीय नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन, जनकल्याणकारी कार्यों और समाज कल्याण के प्रति उनके योगदान को आत्मसात व श्रद्धांजलि देने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

### एक साधारण जन्म, असाधारण यात्रा

एक साधारण बालिका से महान शासिका तक का सफर 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों से प्रारंभ हुआ, लेकिन उनका धैर्य, विवेक और करुणा उन्हें अपराजेय बना गए। विवाह के बाद जब पति मालवा के शासक खंडेराव होल्कर और ससुर मल्हारराव होल्कर दोनों का निधन हो गया, तब उन्होंने 1767 में मालवा राज्य की बागडोर अपने हाथों में ली। पति और ससुर के निधन के बाद, जब राज्य संकट में था, अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य की बागडोर संभाली, बल्कि अपने पराक्रम व कुशलता से उसे एक उन्नत, सुरक्षित और खुशहाल राज्य में परिवर्तित कर दिया। कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व संभालते हुए उन्होंने शासन को सुशासन में बदल दिया। 'अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है।'

### सुशासन का स्वर्णिम युग

अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। वे प्रजा को परिवार की तरह मानती थीं। उनके शासन मेंः कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया, कृषि, व्यापार और शिक्षा को प्रोत्साहन मिला, और सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई। उनका विश्वास थाः 'राजा को अपनी प्रजा के सुख-दुख को समझकर निर्णय लेना चाहिए।' यही कारण था कि प्रजा उन्हें 'माँ अहिल्या' कहकर पुकारती थी। उनके निर्णयों में न केवल राजनैतिक बुद्धिमत्ता दिखती थी, बल्कि मानवीय संवेदना भी स्पष्ट रूप से झलकती थी।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण कला, संस्कृति और धर्म के पुनरुद्धार की वाहिका अहिल्याबाई का भारत के निर्माण में अनेक योगदान हैं। वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर, नासिक का त्र्यंबकेश्वर मंदिर, सभी का जीर्णोद्धार अहिल्याबाई ने ही करवाया। देशभर में धर्मशालाएं, कुएं, घाट, और विश्राम



स्थल बनवाए जो आज भी तीर्थयात्रियों और समाज के लिए उपयोगी हैं।

### महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत

आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। अहिल्याबाई ने समाज में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के महत्व को समझा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किया। एक विधवा होकर भी उन्होंने राजकाज को न केवल संभाला, बल्कि उसे उन्नति के पथ पर अग्रसर किया। वे उन विरली शासकों में थीं जिन्होंने स्त्रियों के हित में ठोस नीति बनाई और उसे लागू भी किया।

लोककल्याण और सुशासन का आदर्श : आज के भारत के लिए प्रेरणा अहिल्याबाई का शासन आज के 'सुशासन' (Good Governance) का एक आदर्श मॉडल है। उनकी नीतियाँ और प्रशासनिक दृष्टिकोण आज भी भारत के लिए प्रेरणादायक हैंः उन्होंने जनसुनवाई, न्यायपालिका और सार्वजनिक निर्माण को प्राथमिकता दी। उनका शासन काल सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक कुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

### आज की पीढ़ी के लिए संदेश

अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि एक प्रकाशस्तंभ है, जो हमें न्याय, करुणा और नेतृत्व के गुण सिखाता है। अहिल्याबाई का जीवन हमें सिखाता है कि न्याय, करुणा, और नेतृत्व के बल पर न केवल एक राज्य, बल्कि पूरे समाज को बदलने की क्षमता होती है। उनकी दूरदर्शिता और कार्य हमें यह संदेश देते हैं कि एक व्यक्ति का संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पूरे समाज और राष्ट्र को बदल सकती है।

उनकी 300वीं जयंती पर हम सभी को उनके मूल्यों को आत्मसात कर, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए। अहिल्याबाई का जीवन केवल इतिहास की एक कहानी नहीं, बल्कि आज के समय की आवश्यकता है। जब नेतृत्व में नैतिकता और जनहित की भावना खोती जा रही है, तब अहिल्याबाई की कार्यशैली हमें याद दिलाती है कि सच्चे नेता वे होते हैं जो सेवा को धर्म मानते हैं। उनकी 300वीं जयंती पर हमारा कर्तव्य है कि हम उनके जीवन-मूल्यों को अपनाएं—सत्य, सेवा, न्याय और करुणा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

### भविष्य के लिए प्रेरणा

आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है। उनकी 300वीं जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अहिल्याबाई होल्कर की विरासत आज भी जीवंत है, और उनकी शिक्षाएँ भारत को एक न्यायपूर्ण और सशक्त राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देती रहेंगी। 'न्याय, करुणा और सुशासन की प्रतीक रानी अहिल्याबाई भारत के लिए केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक आदर्श हैं, जिनकी नीतियां आज भी प्रकाशपुंज बनकर मार्गदर्शन करती हैं।'

(लेखिका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गुरुग्राम की महानगर अध्यक्ष व के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, सोहना में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

शिवप्रकाश



# लोक कल्याण की प्रणेता अहिल्याबाई होल्कर

किसी भी देश का विकास शासन तंत्र की लोककल्याणकारी नीतियों और उसकी सुशासन व्यवस्था पर निर्भर करता है। भारत का इतिहास ऐसे शासकों की गाथाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने अपने देश और अपनी प्रजा के विकास व उत्थान के लिए बहुत कुछ किया। होल्कर राज-परिवार में ऐसा ही एक नाम रहा है पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर का। उनकी कल्याणकारी नीतियां आज भी सरकारों को प्रेरित करती हैं। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है। उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है।

अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) जनपद के चौंडी गांव में हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है। महारानी अहिल्याबाई होलकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग़रीब कल्याण की योजनाओं एवं "विकास से विरासत" के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे हैं। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वच्छता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है। राज्यों की सरकारें एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया है। पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि "हिन्दू शासन व्यवस्था अराजक थी।" जेम्स मिल ने लिखा था कि "भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था", जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे। तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी ।

भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है, जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक सूत्र में कहा गया है कि : "यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्मः" अर्थात जो समाज में अभ्युदय ( भौतिक उन्नति), निश्रेय ( आध्यात्मिक उन्नति) सिखाता है वही धर्म है। भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है, जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो। ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, रामराज्य के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया। विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकर्ताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया। 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी। अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1767 में मालवा राज्य का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया। 28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली। किसानों के विकास की योजनाएं, भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना, जनजातीय विकास, अपने शासन को अपराध मुक्त करना, रोजगारपरक अर्थनीति, महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं। 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थी। महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दर्शाती है। प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी। अपने राज्य की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी धाम, सभी ज्योतिर्लिंग, समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण, नदियों के घाटों का निर्माण, यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ, सोमनाथ,द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देशभर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है । इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया, राजकोष से नहीं।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वयं को भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पांचवें गुरु अर्जुन देव को नमन**

गुरु परंपरा की महिमा अपार है और भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का स्थान विशिष्ट है, जिन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जुन देव न केवल धार्मिक संत थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत भी थे। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। गुरु अर्जुन देव का जीवन शांति, सेवा और ज्ञान के आदर्शों से ओतप्रोत था। - **प्रतीक सिंह**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# भारत शांति रक्षा का बेहद महत्वपूर्ण समर्थक : संरा

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष शांति रक्षक अधिकारी ने कहा है कि भारत शांति रक्षा का एक महत्वपूर्ण समर्थक है, जिसमें शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों में उसकी अग्रणी भूमिका भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव ज्यां-पियरे लैक्रोइक्स की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक मीडिया सत्र के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भारत द्वारा आयोजित महिला शांति सैनिकों के पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आए थे। लैक्रोइक्स ने सम्मेलन और उसके बारे में उनके आकलन के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, "हां, मैं वास्तव में नयी दिल्ली और उस सम्मेलन में जाना चाहता था।" लैक्रोइक्स ने कहा, "सबसे पहले, क्योंकि भारत सेना और पुलिस का बहुत महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश है। यह शांति रक्षा का भी एक बहुत महत्वपूर्ण समर्थक है, भारत के पुरुषों और महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान के अलावा, विभिन्न प्रयासों का समर्थन करने के मामले में भी। मैं विशेष रूप से इस बारे में सोच रहा हूं, लेकिन शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध की जवाबदेही पर भारत की ओर से दिए गए नेतृत्व के कई अन्य उदाहरण भी हैं।"



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।

## ट्रेंड

### गोवावासियों को बधाई



राज्य स्थापना दिवस पर गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं! गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सुंदर समुद्र तट, गर्मजोशी से भरा आतिथ्य और अन्य कई आकर्षण दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।
- **द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### गोवा शत-प्रतिशत साक्षर



गोवा ने 'उल्लास नव भारत' साक्षरता कार्यक्रम के तहत 100 प्रतिशत साक्षरता दर हासिल कर ली है। नयी प्रगति के साथ शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के हमारे निरंतर सामूहिक प्रयासों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने यह परिणाम दिया है।
-**प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### एक दशक में 17 करोड़ रोजगार



भारत ने पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं जबकि इससे पहले के दशक में सिर्फ 4.5 करोड़ रोजगार अवसर ही सृजित हुए थे। देश में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है, जो विकसित दुनिया के आसपास है।- **मनसुख मांडविया, श्रममंत्री**

### आरईसी सक्रिय करेगा रूस



रूस त्रिकोणीय- रूस, भारत, चीन (आरआईसी)- प्रारूप को फिर से सक्रिय करना चाहता है, जिसकी स्थापना कई साल पहले रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। इसकी अब तक 20 मंत्रिस्तरीय बैठकें हो चुकी हैं।
- **सर्गेई लावरोव, रूसी विदेश मंत्री**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### उप चुनाव : आप प्रत्याशी ने किया नामांकन

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब की लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के लिए 19 जून को होने वाले उप चुनाव के वास्ते सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले आप ने लुधियाना में एक रोड शो किया, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल, मुख्यमंत्री मान, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब इकाई के प्रमुख अमन अरोड़ा शामिल हुए।

### सरकार के 100 दिन पूरे होने पर पुस्तिका जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के 100 दिन पूरे होने पर उसकी उपलब्धियों के संबंध में शुक्रवार को एक कार्य पुस्तिका जारी की और कहा कि उनकी सरकार चौबीसों घंटे लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। 'काम करने वाली सरकारः 100 दिन सेवा के' शीर्षक वाली कार्य पुस्तिका में दिल्ली में सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहल और परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया है।

### कर्नाटक के लिए मेरा प्यार सच्चा, माफी नहीं मांगूंगा

**चेन्नई (भाषा)।** अभिनेता-नेता कमल हासन ने अपने बयान को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा कि वह कानून और न्याय में विश्वास करते हैं तथा कर्नाटक के लिए उनका प्यार सच्चा है। हासन ने यह बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया था कि कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है। हासन ने दावा किया कि कन्नड़ समर्थक समूहों द्वारा उनकी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगने पर उनकी फिल्म का बहिष्कार करने की धमकी देना कोई नई बात नहीं है। हासन ने द्रमुक के राज्य मुख्यालय के बाहर कहा कि यह लोकतांत्रिक देश है।

### कानपुर में पहलगाम हमले में मारे गए शुभम के परिजनों से मिले मोदी

# पत्नी ऐश्वन्या के आंसू देख भावुक हुए पीएम

सिर पर हाथ रखकर दी सांत्वना, बोले ऑपरेशन सिंदूर जारी है, परमाणु बम की 'गीदड़ भभकी' से नहीं डरेगा भारत

मोदी ने पाकिस्तान को एक तल्ख संदेश दिया और कहा कि अगर मैं सीधी सीधी कनपुरिया भाषा में कहूं तो दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा।

**भाषा/एजेंसी ▶▶ कानपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर पहुंचते ही एयरपोर्ट पर सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले। इस दौरान शुभम की पत्नी ऐश्वन्या को रोते देख पीएम मोदी भी भावुक हो गए और सिर पर हाथ रखकर कहा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है और अब हर आतंकवादी हमले का करारा जवाब देने का इरादा कर चुका भारत परमाणु बम की 'गीदड़ भभकी' से डरने वाला नहीं है। मोदी ने कानपुर में 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे.... ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।' मोदी ने कहा कि कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम पहले 24 अप्रैल को होने वाला था लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद करना पड़ा। पहलगाम के कायराना आतंकवादी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी उस बर्बरता का शिकार हुए।



#### मेट्रो को दिखाई हरी झंडी



मोदी ने चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के नए भूमिगत खंड का उद्घाटन किया। इस विस्तार के साथ लाल इमली, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीन पार्क स्टेडियम, परेड ग्राउंड, बुक

#### योगी बोले-आत्मनिर्भर भारत की सफलता का बेहतरीन उदाहरण 'ऑपरेशन सिंदूर'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को दुनिया को 'मेक इन इंडिया' की ताकत का एहसास कराने का जरिया बताते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। आदित्यनाथ ने मोदी द्वारा कानपुर में 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर अपने संबोधन में कहा, ₹ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट करके भारत की सेना ने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया।

#### बिहार के काराकाट में रैली गरजे प्रधानमंत्री बोले

### आतंकवाद सांप की तरह है, दोबारा फन उठाया तो बिल से खींचकर कुचल देंगे



**काराकाट (बिहार) (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद की तुलना सांप से करते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर ''उसने दोबारा फन उठाया तो उसे उसके बिल से बाहर खींचकर कुचल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में बैठे पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं के ठिकानों को नष्ट कर दिया है। मोदी ने बिहार के काराकाट में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के ''तरकश का मात्र एक तीर है।'' उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई ''न तो समाप्त हुई है, न ही रुकी है।'' उन्होंने पिछले महीने मधुबनी जिले में की गई अपनी रैली का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं पहलगाम में हुए नृशंस हमले के एक दिन बाद बिहार आया था। पहलगाम हमले में हमारी कई बहनों ने अपने सुहाग खो दिए थे।

### मोदी आज भोपाल में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

- विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायॅरिटी कॉरिडोर तथा दतिया और सतना में हवाई अड्डों का उद्घाटन करेंगे

**भोपाल (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी 31 मई को रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर भोपाल में आयोजित 'महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन' में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायॅरिटी कॉरिडोर तथा दतिया और सतना में हवाई अड्डों का उद्घाटन करेंगे। 18वीं सदी के मालवा में होल्कर राजवंश की रानी अहिल्याबाई होल्कर को उनके असाधारण शासन, सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के प्रति योगदान के लिए याद किया जाता है। 31 मई मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में भोपाल के जंबूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मोदी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## बीएसएफ ने 118 पाकिस्तानी अग्रिम चौकियां और उनकी निगरानी प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर दिया: अमित शाह

- बीएसएफ ने पाक को ऐसा झटका दिया है जिससे उबरने में उसे कई साल लगेंगे : शाह
- केंद्रीय गृहमंत्री का दो दिवसीय जम्मू क्षेत्र का दौरा संपन्न

**भाषा ▶▶ पुंछ (जम्मू कश्मीर)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान को गहरी चोट पहुंचाते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान 118 से अधिक पाकिस्तानी अग्रिम चौकियों और उनकी निगरानी प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर दिया।

सुरक्षा स्थिति, अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने और पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से बातचीत करने के लिए जम्मू क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे के समापन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने इस माह के प्रारंभ में पाकिस्तानी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सराहना की । उन्होंने कहा कि इतने कम समय में इतनी सारी चौकियों को क्षतिग्रस्त या नष्ट करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दुश्मन के



**शाह की 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा**

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि बीएसएफ की भी उतनी ही जय-जयकार हो रही है जितनी सेना की और यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है।'' अमित शाह ने दोहराया कि बीएसएफ जवानों की वीरता और बलिदान की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा की जा रही है और यह सुरक्षा के प्रति भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

### अमरनाथ यात्रा को लेकर की समीक्षा बैठक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अत्यधिक सतर्कता और चौकसी बनाए रखते हुए आगामी अमरनाथ यात्रा को पूरी तरह शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, डीजीपी नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

### विकसित कृषि संकल्प में केंद्रीय मंत्री शिवराज पहुंचे जम्मू

## हमारे देशवासी और सरकार सीमा पर वीर जवानों के साथ पूरे समर्थन के साथ खड़े

तिरंगा यात्रा के साथ किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ जम्मू/नई दिल्ली**

विकसित कृषि संकल्प अभियान में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को जम्मू पहुंचे, जहां वे आरएस पुरा सेक्टर में पदयात्रा में शामिल हुए, वहीं तिरंगा यात्रा के साथ किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने महिला किसानों और महिला उद्यमियों से संवाद किया और ड्रोन कर्मियों से भी सीधी चर्चा की। सिंह ने जम्मू में बॉर्डर से सटे- एक किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव चक्रोही में भी किसानों से संवाद किया और उनके खेत और नर्सरी फार्म देखने के साथ ही उनसे विस्तार से खेती की जानकारी ली।



#### किसानों और भाई-बहनों को भी प्रणाम किया

चौहान ने जम्मू-कश्मीर के किसानों और गांव में रहने वाले भाई-बहनों को भी प्रणाम किया और कहा कि तनाव और युद्ध की स्थिति में यहां गोले बरसते हैं, लेकिन कितने साहस के साथ आप मुकाबला करते हैं। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, जम्मू के जुगलकिशोर शर्मा, क्षेत्र के विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि, केंद्रीय बागवानी आयुक्त डा. प्रभात कुमार, केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारी-वैज्ञानिक उपस्थित थे।

हरियाणा सरकार

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

31 मई, 2025


तम्बाकू जानलेवा है, इसे आज ही छोड़ें

- सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना निषेध है। उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक जुर्माना हो सकता है।
- शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू बेचना अपराध है।
- 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को और उनके द्वारा तम्बाकू पदार्थ बेचना अपराध है।
- ई - सिगरेट का सेवन और बिक्री कानूनी अपराध है।



तम्बाकू से दूर रहें

स्वस्थ रहें......



तम्बाकू छोड़ने के फायदे

- दिल की धड़कन और ब्लड प्रैशर का सामान्य होना।
- खून संचार एवं फेफड़ों का बेहतर काम करना।
- खांसी, थकान और सांस टूटने की शिकायत कम होना।
- हार्ट अटैक का खतरा कम होना।
- मुंह, गले, भोजन नली, ब्लैडर, गर्भाशय ग्रीवा इत्यादि के कैंसर का खतरा कम होना।

तम्बाकू छोड़ने की सलाह हेतु टोल फ्री नंबर 1800 112 356 पर कॉल करें | जिंदगी चुनिए - तम्बाकू नहीं

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आप का सहयोग देश-निर्माण में महत्वपूर्ण होगा

जिन्दगी चुनो, तम्बाकू नहीं

डायल करो 108 एम्बुलेंस की सेवा लो

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

## अब राज्यसभा सांसदों को मिलेगी एक बड़ी सौगात

# स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर और वियरेबल्स समेत कई गैजेट्स मिलेंगे

*राज्यसभा सांसदों को स्मार्ट बनाने के लिए इस बार बड़ी सौगात मिलने जा रही है। अब सांसदों को स्मार्ट टीवी, स्मार्ट प्रोजेक्टर, पोर्टेबल प्रोजेक्टर स्क्रीन, टैबलेट, स्मार्ट डिस्प्ले, स्मार्ट स्पीकर, और वियरेबल्स जैसे लेटेस्ट गैजेट्स भी दिए जाएंगे। इससे जुड़ाव और बढ़ेगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसदों को स्मार्ट बनाने के लिए इस बार बड़ी सौगात मिलने जा रही है। अब सांसदों को स्मार्ट टीवी, स्मार्ट प्रोजेक्टर, पोर्टेबल प्रोजेक्टर स्क्रीन, टैबलेट, स्मार्ट डिस्प्ले, स्मार्ट स्पीकर, और वियरेबल्स जैसे लेटेस्ट गैजेट्स भी दिए जाएंगे।

यह फैसला 23 मई को बैठक के बाद लिया गया और इसे स्कीम आफ फाइनेंशियल इंटाइटलमेंट आफ मेंबरर्स आफ राज्यसभा फार कंप्यूटर इक्विपमेंट के तहत लागू किया गया है। इस योजना की जानकारी राज्यसभा बुलेटिन से सांसदों को दी गई है।

### सूची में लेटेस्ट गैजेट्स जोड़े गए

राज्यसभा सांसदों को पहले से ही डेस्कटॉप, लैपटॉप, पेन ड्राइव, प्रिंटर, स्कैनर, यूपीएस, और स्मार्ट फोन जैसी सुविधाएं मिलती रही हैं। अब इस लिस्ट में और भी लेटेस्ट गैजेट्स जोड़े गए हैं। स्मार्ट टीवी और स्मार्ट डिस्प्लेस्मार्ट प्रोजेक्टर और पोर्टेबल प्रोजेक्टर स्क्रीनटैबलेट कंप्यूटर और कीबोर्डस्मार्ट स्पीकर और वियरेबल्स (जैसे स्मार्टवॉच)अन्य आवश्यक आईटी उपकरणएंटी-वायरस सॉफ्टवेयरस्पीकर, हेडफोन, वेबकैम, और एयरपॉड।

### स्कीम ऑफ फाइनेंशियल एंटाइटलमेंट ऑफ मेंबरर्स ऑफ राज्यसभा फॉर कंप्यूटर इक्विपमेंट लागू

#### सांसदों को बनाया जा रहा स्मार्ट

ये स्मार्ट गैजेट सांसदों को उनके कार्यक्षेत्र में डिजिटल तकनीक का उपयोग तवज्जों देने और जनता के साथ बेहतर संवाद में कारगर साबित होंगे। लोकसभा सांसदों के लिए अभी तक ऐसी सुविधाओं का प्रावधान नहीं किया गया है। उन्हें स्मार्ट गैजेट्स या स्मार्ट फोन की सुविधा नहीं मिलती, लेकिन वे कंप्यूटर और उससे जुड़े उपकरण खरीद सकते हैं, जिनकी राशि रीइंबर्स की जाती है। लोकसभा सांसदों को दो सिम कार्ड प्रदान किए जाते हैं।



#### जनता के साथ ज्यादा प्रभावी बनाया जा रहा

राज्यसभा की तुलना में लोकसभा सांसदों के लिए गैजेट्स की सूची सीमित है, लेकिन कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों की सुविधा दोनों सदनों के सांसदों को समान रूप से मिलती है। राज्यसभा सांसदों के लिए यह नई योजना न केवल उनके कार्य को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उन्हें जनता के साथ अधिक अधिक प्रभाव स्थापित करने में भी मदद करेगी। यह कदम डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सांसदों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर उनके कार्यक्षेत्र को और प्रभावी बनाएगा।

#### आईटी उपकरणों के लिए मिलेंगी ये सुविधाएं

आईटी उपकरण के लिए सहायक वस्तुएं और आवश्यक सहायक उपकरण के रूप में एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर, स्पीकर, हेडफोन, माइक्रोफोन, वेबकैम, ब्लूटूथ हेडसेट/एयरपॉड्स, स्टाइलस, बाहरी कीबोर्ड, स्मार्ट कीबोर्ड, लैपटॉप बैग, कूलिंग पैड, फोन/ईरीडर कवर, टेम्पर्ड ग्लास/स्क्रीन गार्ड, वारंटी एक्सटेंशन पैक उपलब्ध कराई जाएगी।

#### सूची में किया संशोधन

योजना के तहत वस्तुओं की सूची संशोधित की गई है। ये सूची हैं- डेस्कटॉप कंप्यूटर, लैपटॉप कंप्यूटर, पेन ड्राइव, प्रिंटर (डेस्कजेट/ लेजरजेट/ मल्टी-फंक्शन/पोर्टेबल), स्कैनर, यूपीएस (केवल डेस्कटॉप के साथ), हैंडहेल्ड कम्युनिकेटर/कंप्यूटर/स्मार्ट फोन, डेटा इंटरनेट कार्ड, एमएस ऑफिस सूट, भाषा सॉफ्टवेयर और स्पीच रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर, ई-रीडर, कंप्यूटर मॉनिटर, बाहरी हार्ड ड्राइव, स्मार्ट प्रोजेक्टर, पोर्टेबल प्रोजेक्टर स्क्रीन, स्मार्ट टेलीविजन, स्मार्ट डिस्प्ले, कीबोर्ड के साथ टैबलेट कंप्यूटर, स्मार्ट स्पीकर/वियरेबल्स सामिल किए हैं।

---

## खबर संक्षेप

### तेजस के लिए 'सेंट्रल फ्यूजलेज असेंबली' एचएएल को सौंपी

**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए एक निजी भारतीय कंपनी ने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके1ए के लिए "पहली सेंटर फ्यूजलेज असेंबली" हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप दी। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी। एलसीए एमके1ए के विनिर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पहली बार निजी भारतीय कंपनी द्वारा निर्मित एलसीए तेजस के लिए प्रमुख सब-असेंबली का प्रतीक है।

### भारतवंशी फैजान ने जीता स्पेलिंग का खिताब

**नई दिल्ली।** भारतवंशी छात्र फैजान जाकी ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में



एक्लेरसिसमेंट शब्द का सही ढंग से उच्चारण कर प्रतियोगिता जीत ली है। टेक्सास के 13 वर्षीय जाकी ने गुरुवार रात को सर्वदन्य कादम को हराकर यह जीत हासिल की। वह सातवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने 2024 में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी ब्रुहत सोमा के खिलाफ स्पेल-आफ में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता में जाकी की यह चौथी बार भागीदारी थी।

---

## आईएनएस विक्रांत से राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार

# भारतीय नौसेना जोश में आती, तो पाक के चार टुकड़े हो जाते, 1971 के युद्ध में 'दो' हो गए थे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता*

*ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ, यह सिर्फ चेतावनी*

*दुश्मनों को स्पष्ट संदेश भारत सहन नहीं करता, जवाब देता है*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 1971 इसका गवाह है, कि जब भारतीय नौसेना हरकत में आई थी, तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर में, भारतीय नौसेना अपने फॉर्म में आई होती, तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही न होते बल्कि मैं समझता हूं शायद चार टुकड़े हो जाते। रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर आईएनएस विक्रांत पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम है, एक चेतावनी। अगर पाकिस्तान ने फिर वही गलती की, तो भारत का उत्तर और भी कठोर होगा, और इस बार, उसे संभलने का मौका नहीं मिलेगा।



रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता है।

### नौसेना की तैयारी देखकर भयभीत हुआ पाक



रक्षा मंत्री ने कहा कि इस पूरे ऑपरेशन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। जब वायु सेना ने पाकिस्तान की धरती पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया, तब अरब सागर में आपकी आक्रामक तैनाती, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरूकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी सेना को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया। वे खुले समुद्र में आने का साहस तक नहीं जुटा सके। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वह उससे भयभीत भी हुआ।

#### वर्तमान का युद्ध साइबर स्पेस से लड़ा जा रहा

*रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हम एक ऐसे युग में हैं, जहां युद्ध सिर्फ गोलियों और बमों से नहीं लड़े जाते, बल्कि साइबर स्पेस, टाटा डोमिनेंस और स्ट्रैटेजिक डिटेरेंस से भी लड़े जाते हैं। हमारी नौसेना इन सभी क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ रही है। भारतीय नौसेना आज सिर्फ हिंद महासागर की प्रहरी नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक ताकत बन चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर की एक खासियत यह भी थी, कि हमारी तीनों सेनाओं ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय भी बहुत ही अच्छा रहा।*

#### पाक से आगे बात आतंकवाद और पीओके पर होगी

रक्षा मंत्री ने कहा मैं आप सभी को, ऑपरेशन की सफलता पर बधाई देता हूँ। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ कह रखा है कि बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी, पीओके पर होगी। अगर पाकिस्तान बातचीत को लेकर गंभीर है, तो उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत के सुपुर्द करना चाहिए ताकि इंसाफ किया जा सके।

---

## इंडोनेशिया के इस्लामी संगठन का भारत को समर्थन

# कहा- आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे इस्लाम के नाम पर की हिंसा गलत



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष केएच उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है।

#### अनुच्छेद 370 हटाया जाना सराहनीय

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है।

#### हम कोलंबियाई सरकार के रुख से नाराज हैं: थरूर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर फिलहाल थमे हुए बंदूकों के शोर के बीच दुनियाभर में नई सोच के साथ आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई भारत की जॉरो टॉलरेंस की नीति की जोरदार अंदाज में गूंज सुनाई दे रही है। जिसमें भारत सरकार की तरफ से भेजे गए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सबसे अहम भूमिका है। अब तक जिन देशों का इन्होंने दौरा किया है। उनमें से ज्यादातर ने भारत के रुख का समर्थन किया है। लेकिन इन सबके बीच मामले पर कोलंबिया का अंदाजे-बयां भारतीय प्रतिनिधिमंडल को कतई रास नहीं आया। कांग्रेस नेता शशि थरूर की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी बोगोटा में हुई एक बैठक में कोलंबिया की सरकार के रुख पर साफ शब्दों में नाराजगी के साथ निराशा जताते हुए कहा कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की रक्षात्मक कार्रवाई यानी ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों को लेकर शोक जताया। लेकिन आतंकवाद से पीड़ित लोगों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई।

---

## पाक के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष बोले

# सीमाओं से घटने लगा तनाव, भारत संग कम होता सैन्य जमावड़ा: मिर्जा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने शुक्रवार को दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं पर लगभग 22 अप्रैल से पहले वाले दिन वापस लौटने लगे हैं। दोनों ओर सैन्य जमावड़ा लगभग कम किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने अपनी खबरों के जरिए यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी इन दिनों सिंगापुर में जारी शांगरी-ला संवाद में शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने उक्त जानकारी वहां पर ही दी है। इस वैश्विक आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान कर रहे हैं। उधर, पाकिस्तानी अधिकारी के इस बयान पर भारत की तरफ से अभी तक फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 नागरिकों मारे गए थे। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल था। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। **परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं हुआ :** वैश्विक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों सेनाओं ने सैनिकों की संख्या कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हम करीब 22 अप्रैल से पहले की स्थिति में वापस आ गए हैं।

### हमने भारत और पाक को लड़ने से रोका: ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन(भाषा)।** यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर यह दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को लड़ने से रोका और दोनों देशों से कहा कि उनका (ट्रंप) प्रशासन एक-दूसरे पर गोली चलाने वालों से व्यापार नहीं कर सकता। ट्रंप ने अरबपति कारोबारी एवं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ ओवल ऑफिस में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि हमने भारत और पाकिस्तान को लड़ने से रोका। मेरा मानना है कि यह परमाणु आपदा में बदल सकता था।" सरकारी दक्षता विभाग का कार्यभार संभालने वाले मस्क, ट्रंप प्रशासन छोड़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह कि भारत के नेताओं, पाक के नेताओं और अपने लोगों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। हमने व्यापार पर बात की और कहा कि "हम उन लोगों के साथ व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं और जिनके द्वारा परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किये जाने की आशंका है।

## तीन दिनी यात्रा पर सीडीएस पहुंचे सिंगापुर

# शांगरी ला वार्ता को करेंगे संबोधित कई सैन्य नेतृत्व के साथ होंगी बैठकें

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान शुक्रवार से रविवार तक आयोजित होने वाली 22वीं शांगरी ला वार्ता में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर में हैं। शांगरी ला वार्ता को सबसे बड़े रक्षा मंचों में से एक माना जाता है। जनरल चौहान शनिवार को 'भविष्य के युद्ध और युद्धकला' विषय पर अपने विचार रखेंगे। चौहान कार्यक्रम के तहत विशेष सत्रों में भी भागीदारी करेंगे और 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवोन्मेष समाधान' विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। जनरल चौहान कई देशों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों और सैन्य नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।



#### रक्षा सहयोग को देंगे मजबूती

सीडीएस द्विपक्षीय वार्ताओं में सैन्य संबंधों को मजबूत करने, रक्षा सहयोग को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। शांगरी ला वार्ता एक बड़ा रक्षा आयोजन है जहां रक्षा विशेषज्ञ भारत और पाकिस्तान संबंधी परिदृश्य को समझने की कोशिश करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी वार्ता को संबोधित करेंगे।







# एनडीए से उत्तीर्ण होकर निकले 17 महिलाओं के पहले बैच ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** 30 मई 2025 का दिन महाराष्ट्र के खडकवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) सहित सशस्त्र सेनाओं के इतिहास का एक अत्यंत गौरवशाली दिन बन गया है। क्योंकि इसी दिन 17 महिला कैडेटों का पहला बैच अकादमी से बतौर स्नातक के रूप में उत्तीर्ण होकर निकला है। जल्द ही ये सभी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना जॉइन करेंगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इतिहास में यह पहली बार है जब 300 से अधिक पुरुषों के साथ (सह-शिक्षा) 17 महिलाएं एनडीए से पास होकर निकली हैं। जो अकादमी की राष्ट्र निर्माण की विरासत में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। साथ ही कुल 336 कैडेटों वाले 148वें कोर्स-स्प्रिंग टर्म के समापन का प्रतीक भी है। इस अवसर पर एनडीए परिसर में आयोजित किए गए भव्य परेड समारोह (1341 कैडेट शामिल हुए) की समीक्षा मिजोरम के राज्यपाल और पूर्व सेनाप्रमुख जनरल वीके.सिंह ने की। समारोह के समापन पर एक भव्य फ्लाई पास्ट भी हुआ। जिसमें सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, चेतक हेलिकॉप्टर और सुपर डिमोना मोटराइज्ड ग्लाइडर ने उड़ान भरी। यह प्रशिक्षण की समाप्ति के अलावा कैडेटों की सैन्य यात्रा के अगले चरण की शुरुआत का प्रतीक बना।

### सम्मानित हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले कैडेट



मंत्रालय ने बताया कि जनरल सिंह ने समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया। जिसमें बटालियन कैडेट एडजुटेंट प्रिंस राज को राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा अकादमी कैडेट कैप्टन उदयवीर सिंह नेगी को राष्ट्रपति के रजत पदक और बटालियन कैडेट कैप्टन तेजस भट्ट को राष्ट्रपति कांस्य पदक प्रदान किया गया। समग्र उत्कृष्टता के लिए गोल्फ स्क्वाड्रन को प्रतिष्ठित चीफ ऑफ स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। समारोह में एनडीए के कमांडेंट वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह, उप-कमांडेंट एयर वाइस मार्शल सरताज बेदी, सिस्क (आईडीएस मुख्यालय) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, सेना की दक्षिणी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ और अकादमी के प्रतिष्ठित परिवार, स्कूली बच्चे, नागरिक तथा सशस्त्र सेनाओं के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मी शामिल हुए।

### नारी शक्ति को सलाम: जनरल सिंह

युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए जनरल वी.के.सिंह ने कहा कि इतिहास में पहला मौका है। जब एनडीए के इस खेत्रपाल ग्राउंड से 17 महिला कैडेटों का पहला बैच पास होकर निकल रहा है। उन्होंने नारी शक्ति को सलाम करते हुए कहा कि यह उनके प्रशिक्षण की नई संभावनाओं का आगाज है। इसे ट्रेनिंग के समापन के रूप में नही देखा जाना चाहिए। जनरल सिंह ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद वर्ष 2021 में यूपीएससी ने महिलाओं को रक्षा अकादमियों में आवेदन करने की अनुमति प्रदान की थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25